Hindi / हिन्दी

# आपके राज्य की संसद के बारे में

Community Education

Parliament of South Australia

## सरकार के स्तर

ऑस्ट्रेलिया में सरकार के तीन स्तर हैं - स्थानीय, राज्य और संघीय।

**संघीय (फेड्रल):** ऑस्ट्रेलियाई संविधान में निर्धारित किए गए मुद्दों के लिए सरकार का संघीय स्तर ज़िम्मेदार है, जैसे कर (टैक्स), अंतर्राष्ट्रीय संबंध (बाहरी मामले), रक्षा, प्रवासन और अन्य। संघीय स्तर पर बनाए गए कानून पूरे ऑस्ट्रेलिया में लागू होते हैं।

**राज्य (स्टेट):** राज्य उन मुद्दों के लिए ज़िम्मेदार होते हैं जो ऑस्ट्रेलियाई संविधान में निर्धारित नहीं किए गए हैं - वे चीज़ें जिन्हें  महासंघ (federation) के समय राज्यों पर छोड़ दिया गया था। राज्य बड़े मुद्दों से भी निपटते हैं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाएं, पर्यावरण और अन्य।

**स्थानीय (लोकल):** ऑस्ट्रेलिया भर में सैकड़ों स्थानीय परिषदें हैं। परिषदें घर के करीबी मामलों को देखती हैं, जैसे सामुदायिक सेवाएं, खेल के मैदान, कचरा संग्रह और निर्माण के परमिट।

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की पार्लियामेंट (संसद) राज्य स्तर पर है।




## शक्तियों का विभाजन

ऑस्ट्रेलिया में 1) कानून बनाने, 2) कानून लागू करने, और 3) कानून के बारे में निर्णय लेने की शक्तियाँ, सरकार के विभिन्न विभागों के बीच विभाजित हैं ताकि नियंत्रण केवल एक निकाय के पास न रहे।

**संसद/विधान-मंडल (पार्लियामेंट/लेजिस्लेचर)**: संसद प्राथमिक कानून निर्माणकर्ता होती है। संसद में काम करने वाले चुने हुए प्रतिनिधि, लोगों के लिए कानून बनाते हैं।

**कार्यपालिका (एग्ज़ेक्यटिव)**: मंत्रीयों के एक समूह (जिसे कभी-कभी कैबिनेट कहा जाता है) और एक ऐसी सार्वजनिक सेवा को एग्ज़ेक्यटिव कहा जाता है जो विभिन्न सरकारी विभागों में मंत्रियों के अधीन काम करती है। कार्यपालिका कानून को लागू करती है, या उसे व्यवहार में लाती है। उदाहरण के लिए, पब्लिक स्कूल का/की एक शिक्षक सार्वजनिक शिक्षा सेवा के बारे में बनाए गए कानूनों को लागू करता/ती है। कार्यपालिका द्वारा किए जाने वाले कार्य का एक अन्य उदाहरण पुलिस है, जो संसद द्वारा बनाए गए आपराधिक कानूनों को लागू करती है।

**न्यायपालिका (जूडिशीअरी)**: न्यायपालिका अदालतों की व्यवस्था का नाम है। कानून के बारे में निर्णय लेने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी अदालतों की है, उदाहरण के लिए, यह तय करना कि क्या कानून को सही तरीके से लागू किया गया है, या क्या उसे उसकी शक्ति के दायरे के अंतर्गत बनाया गया था या नहीं।

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की संसद, सरकार के संसद/लेजिस्लेचर विभाग का एक अंग है।



**संसद/विधान-मंडल (पार्लियामेंट/लेजिस्लेचर)** | **कार्यपालिका (एग्ज़ेक्यटिव)** | **न्यायपालिका (जूडिशीअरी)**

## दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई संसद

द्विसदनीय (दो सदन) संसद की स्थापना करने के लिए 1856 में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एक संविधान अधिनियम की घोषणा की गई थी। दोनों सदनों को House of Assembly (विधानसभा सदन) और Legislative Council (विधान परिषद) के रूप में जाना जाना था। दुनिया के पहले गुप्त मतदान चुनावों में से एक के हो जाने के बाद, बुधवार 22 अप्रैल, 1857 को पहली राज्य संसद की बैठक हुई।

**विधानसभा का सदन** (House of Assembly): विधानसभा का सदन, संसद के 47 सदस्यों (सांसदों) से बना है। सदन में 47 सांसदों को 4 साल के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। एक सांसद लगभग 25,000 मतदाताओं के निर्वाचन-क्षेत्र (electorate) का प्रतिनिधित्व करता है। राजनीतिक दल जो विधानसभा सदन में सांसदों का बहुमत स्थापित कर पाता है, वह दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की सरकार बन जाता है, और उन्हें उन मंत्रियों को चुनने का अधिकार प्राप्त होता है जो कार्यपालिका (Executive) को चलाते हैं। अध्यक्ष (स्पीकर) व्यवस्था बनाए रखता है, और विधानसभा (House of Assembly) का प्रतीक गदा (Mace) होता है।

**विधान परिषद** (Legislative Council): विधान परिषद 22 सदस्यों (MLC) (एम एल सी) से बना होता है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लोगों द्वारा MLCs को 8 साल के लिए चुना जाता है, और MLC पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसका मतलब है कि सभी 22 MLC आपके लिए काम करते हैं। विधान परिषद के लिए वोटों की गिनती अलग तरह से होती है, और संसद के इस सदन में अक्सर छोटे दल के या निर्दलीय सदस्य अधिक होते हैं। प्रेसीडेंट व्यवस्था बनाए रखता है, और विधान परिषद का प्रतीक 'ब्लैक रॉड' (Black Rod) होता है।

## संसद के कार्य

संसद के चार मुख्य कार्य हैं:

**प्रतिनिधित्व:** संसद वह स्थान है जहां दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लोगों का प्रतिनिधित्व उनके संसदीय सदस्यों के माध्यम से किया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकार और अन्य सदसत्यों द्वारा दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई लोगों की बात सुनी जा रही है, संसद के सदस्य Grievance Debates (शिकायतों पर बहस), Matters of Interest (हित के मामलों) और Motions (प्रस्तावों) पर बोल सकते हैं।

**समीक्षा**: विभिन्न सरकारी विभागों के लिए ज़िम्मेदार मंत्री भी संसद में काम करते हैं। इसका मतलब है कि आपके प्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक दल उनके काम की समीक्षा कर सकते हैं और उनसे सवाल कर सकते हैं। संसद के सदस्य मंत्रियों से प्रश्न पूछ सकते हैं - ऐसा दोनों समय किया जा सकता है, प्रश्नकाल के दौरान (सूचना दिए बिना प्रश्न पूछना) या "On Notice/ऑन नोटिस" नाम की प्रश्न-प्रणाली के माध्यम से।

**वित्तीय**: संसद वह स्थान है जहां सरकारी खर्च को मंज़ूरी दी जाती है। प्रति वर्ष बजट का पास होना आवश्यक है। इसे आमतौर पर जून के महीने में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पेश किया जाता है।

**विधायी**: संसद वह स्थान है जहाँ दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई कानून बनाए और बदले जाते हैं।

## इमारत

इस पारंपरिक इमारत में संगमरमर के स्तंभ, कोरिंथियन कैपिटलस (Corinthian capitals) और 19वीं सदी के राज्यपालों, प्रेसीडेंटस और वक्ताओं की कीस्टोन नक्काशी मौजूद है। मुख्य निर्माण सामग्री में कपुंडा (Kapunda) के संगमरमर और विक्टर हार्बर के ग्रेनाइट का उपयोग किया गया। चैंबर्स ब्रिटिश परंपरा के अनुसार लेजिस्लेटिव काउंसिल (विधान परिषद) के लिए लाल और हाउस ऑफ असेंबली (विधानसभा) के लिए हरे रंग का पालन करते हैं। विधानसभा 5 जून, 1889 को खोली गई थी।
5 जून, 1939 को शुरू होने वाली विधान परिषद पर काम शुरू करने के लिए 1936 में, Sir Langdon Bonython ने £100,000 (पाउंड) का उपहार दिया। दो प्रीमियर, Tom Price (1905-1909) और Frank Walsh (1965-1967), दोनों ने साइट पर स्टोनमेसन (पत्थर कटाई) का काम किया।

## शामिल होना

**यहाँ आना**: पार्लियामेंट हाउस King William Street (किंग विलियम स्ट्रीट) और North Terrace (नॉर्थ टेरेस) के कोने पर है। दोनों सदनों में होने वाली बैठकें सार्वजनिक रूप से लोगों के लिए खुली हैं और आगंतुकों का स्वागत है। जब संसद का सत्र चल न रहा हो तो सप्ताह के (कामकाजी) दिनों में सुबह 10:00 बजे और दोपहर 2:00 बजे गाइडेड टूर उपलब्ध हैं। सभी प्रकार के आगमन निःशुल्क हैं। स्कूलों के और अन्य सामूहिक दौरे आपके स्थानीय सांसद के माध्यम से बुक किए जाने चाहिए। यदि आप संसद को व्यक्तिगत रूप से नहीं देख पाते हैं, तो आप इसका लाइव प्रसारण ऑनलाइन देख सकते हैं।

**Hansard (हैनसर्ड)**: संसद की बहसों की एक आधिकारिक रिपोर्ट को हैनसर्ड कहा जाता है। संसद की पूरी कार्यवाही को आप हैनसर्ड में पढ़ सकते हैं। हैनसर्ड संसद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**समितियां**: सदस्यों के छोटे समूह समितियों में गठित किए जाते हैं जो सदनों की ओर से विस्तृत कार्य करते हैं। संसदीय समितियों के पास अपने संदर्भ की शर्तों के अंतर्गत आने वाले मामलों के बारे में साक्ष्य लेने की, विचार करने की और उन पर रिपोर्ट करने की व्यापक शक्तियाँ होती हैं। जनता निवेदन डाल कर और जन सुनवाई के सत्रों में उपस्थित होकर समितियों के साथ बातचीत कर सकती है।

**याचिकाएँ:** याचिका किसी प्रकार की कार्रवाई के लिए एक अनुरोध है। कोई भी नागरिक, या दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों का कोई समूह, कार्रवाई करने के लिए संसद के किसी भी सदन में याचिका दायर कर सकता है। एक उदाहरण के रूप में, याचिका सदन को कोई कानून पेश करने, या किसी मौजूदा कानून को रद्द या संशोधित करने, या किसी विशेष उद्देश्य के लिए या विशेष व्यक्तियों के पक्ष में किसी तरह की कार्रवाई करने का अनुरोध कर सकती है। संसद में याचिका दायर करना, सभी नागरिकों का लंबे समय से स्थापित, एक मौलिक अधिकार है। यह किसी भी व्यक्ति या समूह को संसद के समक्ष शिकायतें रखने का अवसर प्रदान करता है। यह लोगों और संसद के बीच होने वाली सीधी बातचीत के कुछ माध्यमों में से एक है।

**प्रदर्शन:** संसद भवन की सीढ़ियों पर रैलियों या प्रदर्शनों की अनुमति है लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आयोजक अध्यक्ष और प्रेसीडेंट से अनुमति प्राप्त कर लें। यह संसद में उपस्थित लोगों या फुटपाथ और सड़क का उपयोग करने वाले आम जनता के लोगों और रैली या प्रदर्शन में भाग लेने वाले लोगों के हित की बात है।

**सदस्यों से संपर्क करना:** मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने के बारे में अपने प्रतिनिधियों से बात करने के लिए आप हमारी वेबसाइट पर सदस्यों की संपर्क जानकारी देख सकते हैं।

## संघीय संसद के साथ तुलना

| | Federal Parliament (**संघीय संसद**) | |
|---|---|---|
| | House of Representatives (**लोक सभा**) | Senate (**सैनेट**) |
| अन्य नाम | निचला सदन | उच्च सदन |
| **सदस्य** | 151 | 76 |
| **प्रतिनिधित्व** | प्रत्येक सांसद 110,000 मतदाताओं के निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है | प्रत्येक सैनेटर अपने राज्य या क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। प्रत्येक राज्य के लिए 12 सैनेटर हैं, और प्रत्येक टैरिट्री के लिए 2 |
| **अवधि** | 3 वर्ष | 6 वर्ष |
| **मतदान प्रणाली** | Preferential (प्राथमिकता के अनुसार) | Proportional (आनुपातिक) - एकलौता स्थानांतर योग्य मत |
| **अधिकारक्षेत्र** | पारित कानून पूरे ऑस्ट्रेलिया के लिए हैं | पारित कानून पूरे ऑस्ट्रेलिया के लिए हैं |

| | **दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की संसद** | |
|---|---|---|
| | House of Assembly (**विधान सभा**) | Legislative Council (**विधान परिषद**) |
| अन्य नाम | निचला सदन | उच्च सदन |
| **सदस्य** | 47 | 22 |
| **प्रतिनिधित्व** | प्रत्येक सांसद 25,000 मतदाताओं के निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है | प्रत्येक MLC पूरे दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करता है |
| **अवधि** | 4 वर्ष | 8 वर्ष |
| **मतदान प्रणाली** | Preferential (प्राथमिकता के अनुसार) | Proportional (आनुपातिक) - वैकल्पिक रूप से प्राथमिकता के अनुसार |
| **अधिकारक्षेत्र** | पारित कानून केवल दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए हैं | पारित कानून केवल दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए हैं |

## हमें संपर्क करें

| | |
|---|---|
| **टेलीफ़ोन:** | +61 8 8237 9100 \| 1800 182 097 (toll free) |
| **लिखें:** | GPO Box 572, Adelaide SA 5001, Australia |
| **हमसे आ कर मिलें**: | पार्लियामेंट हाउस, North Terrace, Adelaide SA 5000, Australia |
| ईमेल: | LegCo@parliament.sa.gov.au (विधान परिषद)<br>Assembly@parliament.sa.gov.au (विधान सभा) |
| **वेब**: | www.parliament.sa.gov.au |
| **सोशल मीडिया:** | Facebook (फेसबुक): @parliamentsouthaustralia<br>Instagram (इंस्टाग्राम): @parliamentsouthaustralia<br>Youtube (यूट्यूब): South Australian Parliament<br>Twitter (ट्विटर): @LegCouncilSA \| @AssemblySA |